**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

**दिनांक : 10.10.2024** **समय : 1905**

- **द्वीपसमूह में वन्य जीवों के संरक्षण के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं।**
- **राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस डिवीजन ने लोगों तक सरकारी सेवाओं की निर्बाध पहुंच के लिए डिजिलॉकर के साथ उमंग ऐप को मिलाने की घोषणा की है।**
- **देश के अन्य भागों के साथ द्वीपसमूह में भी दुर्गा पूजा उत्सव श्रद्धाभाव और भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है।**
- **सूचना और प्रसारण मंत्री, अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारतीय सिनेमा ने देश में एकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।**
- **द्वीपसमूह में उप–राज्यपाल की अनुमति के बाद मोटर वाहन एग्रीगेटर योजना दो हजार चौबीस को जारी किया गया है।**

<><><><><><>

द्वीपसमूह में वन्य जीवों के संरक्षण के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि इनको विलुप्त होने से बचाया जा सके। पर्यावरण और वन विभाग के वन्य प्राणी संभाग के उप–वन संरक्षक संदीप बेहरा ने बताया कि द्वीपसमूह में पक्षियों की तीस ऐसी प्रजातियां हैं, जो सिर्फ इस द्वीपसमूह में पाई जाती है। इसके अलावा बावन स्तनधारी में से आठ ऐसे हैं, जो सिर्फ अंडमान में ही पाए जाते हैं।

<><><><><><>

राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस डिवीजन ने लोगों तक सरकारी सेवाओं की निर्बाध पहुंच के लिए डिजिलॉकर के साथ उमंग ऐप को मिलाने की घोषणा की है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार इससे उपयोगकर्ताओं को एक ही जगह से कई सेवाएं प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। उमंग ऐप सभी एंड्रॉइड फोन पर उपलब्ध है। डिजीलॉकर, डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य आवश्यक दस्तावेजों का सुरक्षित क्लाउड–बेस स्टोरेज प्रदान करना है।

<><><><><><>

देश के अन्य भागों के साथ द्वीपसमूह में भी दुर्गा पूजा उत्सव श्रद्धाभाव और भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। विभिन्न पूजा पंडालों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर मां दुर्गा और अन्य देवी–देवताओं का दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। कई पूजा पंडालों में महाभोग की भी व्यवस्था की गई है। अतुल स्मृति समिति यानी बंगाली क्लब इस बार अपना अस्सीवां पूजा उत्सव मना रहा है और इस सिलसिले में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। कल दिन में दस बजे से पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी और इसके बाद महाभोग की व्यवस्था की गई है। मध्योत्तर अंडमान ज़िले में भी धूमधाम से पूजा–उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। बिल्लीग्राउंड दुर्गा मंदिर में बड़े आकार का पूजा–पंडाल बनाया गया है। बकुलतला पूजा समिति की ओर से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। पूरा मध्योत्तर अंडमान ज़िला दुर्गा पूजा समारोह में लीन है। हिन्दी साहित्य कला परिषद में दो दिवसीय श्री रामलीला का आयोजन किया गया है। कल शाम छः बजे इसका उद्घाटन होगा। समापन समारोह बारह अक्तूबर को शाम छः बजे रखा गया है। उधर, नवरात्रि के अवसर पर भी जगह–जगह देवी जागरण के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

<><><><><><>

सूचना और प्रसारण मंत्री, अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारतीय सिनेमा ने देश में एकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्री वैष्णव ने एक लेख में कहा कि सिनेमा विविधता और साझा भविष्य की कहानियों से "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के दृष्टिकोण को मजबूत करने का शक्तिशाली माध्यम है। सूचना और प्रसारण मंत्री ने महान फिल्म निर्माता सत्यजीत रे के कथन सिनेमा की भाषा सार्वभौमिक है का उल्लेख करते हुए सिनेमा की विविधता में एकता की क्षमता पर प्रकाश डाला। श्री वैष्णव ने कहा कि जानेमाने अभिनेता राज कपूर

की सदाबहार फिल्म श्री चार सौ बीस से लेकर मणिरत्नम की रोजा तक, भारतीय फिल्मों ने भाषा से ऊपर उठकर लोगों के दिलों पर राज किया। उन्होंने कहा कि गरम हवा और दो बीघा जमीन जैसी फिल्में यह भी दर्शाती हैं कि सिनेमा कैसे सामाजिक चुनौतियों का दर्पण बनने के साथ–साथ एकता को भी बढ़ावा देता है। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, श्री वैष्णव ने कहा कि समावेशिता की इस भावना को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के माध्यम से हर साल मनाया जाता है, जहां राष्ट्र फिल्म निर्माण में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं का सम्मान करता है। उन्होंने कहा कि हरियाणवी, मलयालम और कन्नड़ जैसी भाषाओं की फिल्मों को भी सम्मानित किया गया, जो भारत की विशाल सांस्कृतिक छवि को दर्शाती हैं। श्री वैष्णव ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टैक्नोलॉजी की स्थापना सहित सरकार की अन्य पहलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनका उद्देश्य भारतीय सिनेमा को वैश्विक मंच पर प्रमुख स्थान दिलाना है।

<><><><><><><>

डिगलीपुर शैक्षिक क्षेत्र के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षण और गैर–शिक्षण कर्मचारियों के लिए डिगलीपुर के ब्लॉक परियोजना अधिकारी के मार्गदर्शन में दिव्यांग बच्चों की पहचान के लिए हाल ही में एस. एल. डी. पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डिगलीपुर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, शुभाष ग्राम की प्रधानाचार्या काकोली डे ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों और समुदाय के सदस्यों को एसएलडी, इसकी विशेषताओं और संभावित संकेतों के बारे में जानकारी देना था, जिससे सीखने की कठिनाइयों वाले बच्चों के लिए प्रारंभिक पहचान, उचित हस्तक्षेप और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा मिल सके।

<><><><><><><>

केन्द्र सरकार द्वारा मोटर वाहन एग्रीगेटर योजना दो हजार चौबीस का मसौदा जारी किया गया है। इसके आधार पर अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में उप–राज्यपाल की अनुमति के बाद मसौदे को परिवहन विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। दावे और आपत्तियां तीस दिनों के भीतर परिवहन विभाग के राज्य परिवहन प्राधिकरण के सचिव के पते पर भेजे जा सकते हैं।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य विभाग में ड्रग्स इंस्पेक्टर के पद के लिए सत्रह अक्तूबर को होने वाले सीधे साक्षात्कार को प्रशासनिक कारणों से स्थगित किया गया है। अब यह साक्षात्कार पच्चीस अक्तूबर को सुबह साढ़े नौ बजे स्वास्थ्य निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित होगा। इस पद के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को भी बढ़ाकर अट्ठारह अक्तूबर कर दिया गया है। इच्छुक उम्मीदवारों से विभाग के वेबसाइट से प्रपत्र डाउनलोड करने को कहा गया है। भरे हुए आवेदन फार्म विभाग के मेल पर या सीधे स्वास्थ्य निदेशालय के उप–निदेशक के कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

बी आर डब्लू सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन की ओर से कल अमिताभ बच्चन नाईट का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम कल शाम पांच बजकर पैंतालीस मिनट पर अंडमान क्लब में रखा गया है।

<><><><><><><>